# Engineers' Day celebrated @ CUH

## Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Aaj samaj** **Date: 16-09-2025**

# राष्ट्र की प्रगति के निर्माता होते हैं इंजीनियर्स : प्रो. टंकेशवर कुमार

## हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में इंजीनियर्स-डे 2025 के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

नीरज कौशिक

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में इंजीनियर्स डे 2025 के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रोफेसर कर्नल राजेन्द्र कुमार अनायत, पूर्व कुलपति, डीसीआरयूएसटी एवं बीपीएस महिला विश्वविद्यालय, वर्तमान में विशेष कार्य अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन में इंजीनियर अमित गर्ग, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं संस्थापक, एम.पी.सी.; इंजीनियर रमन शर्मा, अध्यक्ष, लग्जरी परियोजनाएं, सिग्नेचर ग्लोबल समूह; इंजीनियर जसनीर सिंह, अधीक्षण अभियंता, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम; इंजीनियर उज्जवल गुप्ता, उप महाप्रबंधक-कॉरपोरेट रणनीति, सिग्नेचर ग्लोबल इंडिया लिमिटेड तथा श्री अभय शर्मा, मुख्य व्यवसाय अधिकारी, एम.पी.सी. विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता हकेवि कुलपति प्रोफेसर टंकेशवर कुमार ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया पर आधारित चलचित्र की प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि इंजीनियर्स राष्ट्र की प्रगति के वास्तविक निर्माता होते हैं। उनके नवाचार और परिश्रम से ही समाज विकास की नई ऊंचाइयां छूता है। आयोजन में मुख्य अतिथि प्रोफेसर कर्नल राजेन्द्र कुमार अनायत ने अपने संबोधन में कहा कि इंजीनियर्स डे हमें यह प्रेरणा देता है कि देश की



हकेवि में इंजीनियर्स-डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

प्रगति और विकास में इंजीनियरिंग की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। यह दिन इंजीनियरों को सम्मान देने और युवाओं को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत की प्रगति एवं आत्मनिर्भरता में इंजीनियरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नवाचार, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से समाज की समस्याओं का समाधान करें। इसी क्रम में सभी विशिष्ट अतिथियों ने भी प्रतिभागियों को देश की प्रगति में इंजीनियर्स की भूमिका और इस क्षेत्र में हो रहे नवीनतम बदलावों से प्रतिभागियों को अवगत कराया।



कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ करते कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार, मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि।

कार्यक्रम में हरियाणवी, राजस्थानी, भोजपुरी, दक्षिण भारतीय, पंजाबी और फ्यूजन नृत्य प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को मंच पर जीवंत किया। इस अवसर पर तकनीकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, अभिनव विचार (आइडियाथॉन), तकनीकी कोलॉज तथा श्रेष्ठ अपशिष्ट उपयोग प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशंसा-पत्र प्रदान किए गए इस अवसर पर अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. विकास गर्ग, सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 16-09-2025**

# राष्ट्र की प्रगति के वास्तविक निर्माता होते हैं इंजीनियर्स : प्रो. टंकेश्वर कुमार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में इंजीनियर्स-डे पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रो. कर्नल राजेंद्र कुमार अनायत पूर्व कुलपति डीसीआरयूएसटी व बीपीएस महिला विश्वविद्यालय मुख्य अतिथि रहे।

आयोजन में इंजीनियर अमित गर्ग, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं संस्थापक एमपीसी इंजीनियर रमन शर्मा, इंजीनियर जसनीर सिंह अधीक्षण अभियंता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, इंजीनियर उज्ज्वल गुप्ता उप महाप्रबंधक-कॉरपोरेट रणनीति सिग्नेचर ग्लोबल इंडिया लिमिटेड तथा अभय शर्मा मुख्य व्यवसाय अधिकारी एमपीसी विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित रहे।

समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने की।



हकेंवि में इंजीनियर्स डे आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी। स्रोत : हकेंवि

भारत रत्न सर एम विश्वेश्वरैया पर आधारित चलचित्र की प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इंजीनियर्स राष्ट्र की प्रगति के वास्तविक निर्माता होते हैं। उनके नवाचार और परिश्रम से ही समाज विकास की नई ऊंचाइयां छूता है।

प्रो. कर्नल राजेंद्र कुमार अनायत ने कहा कि इंजीनियर्स डे हमें यह प्रेरणा देता है कि देश की प्रगति और विकास में इंजीनियरिंग की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। यह दिन इंजीनियरों को सम्मान देने और युवाओं को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।



हकेंवि में आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी। स्रोत : हकेंवि

उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत की प्रगति एवं आत्मनिर्भरता में इंजीनियरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नवाचार, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से समाज की समस्याओं का समाधान करें।

कार्यक्रम में हरियाणवी, राजस्थानी, भोजपुरी, दक्षिण भारतीय, पंजाबी और फ्यूजन नृत्य प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को मंच पर जीवंत किया।

इस अवसर पर तकनीकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, अभिनव विचार , तकनीकी कोलॉज व श्रेष्ठ अपशिष्ट उपयोग प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।

विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशंसा-पत्र प्रदान किए गए। अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. विकास गर्ग, सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 16-09-2025**

### हकेंवि में इंजीनियर्स-डे पर कार्यक्रम

# इंजीनियर्स राष्ट्र की प्रगति के होते हैं वास्तविक निर्माता : प्रो. टंकेश्वर




भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में इंजीनियर्स डे 2025 पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रो. कर्नल राजेन्द्र कुमार अनायत, पूर्व कुलपति, डीसीआरयूएसटी एवं बीपीएस महिला विश्वविद्यालय, वर्तमान में विशेष कार्य अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने की। शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। तत्पश्चात भारत रत्न एम विश्वेश्वरैया पर आधारित चलचित्र की प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुति दी गई। कुलपति ने कहा कि इंजीनियर्स राष्ट्र की प्रगति के वास्तविक निर्माता होते हैं। उनके नवाचार और परिश्रम से ही समाज विकास की नई ऊंचाइयां छूता है।

मुख्य अतिथि प्रो. कर्नल राजेन्द्र कुमार अनायत ने कहा कि इंजीनियर्स-डे हमें यह प्रेरणा देता है कि देश की प्रगति और विकास में इंजीनियरिंग की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में हरियाणवी, राजस्थानी, भोजपुरी, दक्षिण भारतीय, पंजाबी और फ्यूजन नृत्य प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को मंच पर जीवंत किया।

इस अवसर पर तकनीकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाद- विवाद प्रतियोगिता, अभिनव विचार आइडियाथॉन, तकनीकी कोलॉज तथा श्रेष्ठ अपशिष्ट उपयोग प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. पिंकी अरोड़ा, डॉ. सुमित सैनी इंजी तरुण, इंजी सत्री तंवर, इंजी दिव्या, इंजी राकेश रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन इंजीनियर सिमरन और ने किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Navodaya Times** **Date: 16-09-2025**

# इंजीनियर्स डे 2025 के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

महेंद्रगढ़, 15 सितंबर (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में इंजीनियर्स डे 2025 के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रोफेसर कर्नल राजेन्द्र कुमार अनायत, पूर्व कुलपति, डीसीआरयूएसटी एवं बीपीएस महिला विश्वविद्यालय, वर्तमान में विशेष कार्य अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

आयोजन में इंजीनियर अमित गर्ग, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं संस्थापक, एम.पी.सी.; इंजीनियर रमन शर्मा, अध्यक्ष, लग्जरी परियोजनाएं, सिग्नेचर ग्लोबल समूह; इंजीनियर जसनीर सिंह, अधीक्षण अभियंता, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम; इंजीनियर उज्जवल गुप्ता, उप महाप्रबंधक-कॉरपोरेट रणनीति, सिग्नेचर ग्लोबल इंडिया लिमिटेड तथा अभय शर्मा, मुख्य व्यवसाय अधिकारी, एम.पी.सी. विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता हकेवि कुलपति प्रोफेसर टंकेशवर कुमार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ। तत्पश्चात भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया पर आधारित चलचित्र की प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि इंजीनियर्स राष्ट्र की प्रगति के वास्तविक निर्माता होते हैं। उनके नवाचार और परिश्रम से ही समाज विकास की नई ऊंचाइयां छूता है।आयोजन में मुख्य अतिथि प्रोफेसर कर्नल राजेन्द्र कुमार अनायत ने अपने संबोधन में कहा कि इंजीनियर्स डे हमें यह प्रेरणा देता है कि देश की प्रगति और विकास में इंजीनियरिंग की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। यह दिन इंजीनियरों को सम्मान देने और युवाओं को इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत की प्रगति एवं आत्मनिर्भरता में इंजीनियरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नवाचार, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से समाज की समस्याओं का समाधान करें। इसी क्रम में सभी विशिष्ट अतिथियों ने भी प्रतिभागियों को देश की प्रगति में इंजीनियर्स की भूमिका और इस क्षेत्र में हो रहे नवीनतम बदलावों से प्रतिभागियों को अवगत कराया।



*कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी।*

कार्यक्रम में हरियाणवी, राजस्थानी, भोजपुरी, दक्षिण भारतीय, पंजाबी और फ्यूजन नृत्य प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को मंच पर जीवंत किया। इस अवसर पर तकनीकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, अभिनव विचार (आइडियाथॉन), तकनीकी कोलाज तथा श्रेष्ठ अपशिष्ट उपयोग प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। विजेमा प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशंसा-पत्र प्रदान किए गए इस अवसर पर अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. विकास गर्ग, सभी विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी भारी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समन्वयक डां. पिंकी अरोड़ा, डां. सुमित सैनी इंजी तरुण, इंजी सन्नी तंवर, इंजी दिव्या, इंजी राकेश रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन इंजीनियर सिमरन और ने किया। कार्यक्रम के अंत में सह-संयोजक डां. सुशील पंवार ने धन्वयवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 16-09-2025**

# राष्ट्र की प्रगति के वास्तविक निर्माता होते हैं इंजीनियर : प्रो . टंकेश्वर

संवाद सहयोगी, जागरण • महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) में इंजीनियर्स डे 2025 के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रोफेसर कर्नल राजेन्द्र कुमार अनायत, पूर्व कुलपति, डीसीआरयूएसटी एवं बीपीएस महिला विश्वविद्यालय, वर्तमान में विशेष कार्य अधिकारी, उच्च शिक्षा विभाग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन में इंजीनियर अमित गर्ग, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं संस्थापक, एमपीसी, इंजीनियर रमन शर्मा, अध्यक्ष, लग्जरी परियोजनाएं, सिग्नेचर ग्लोबल समूह, इंजीनियर जसनीर सिंह, अधीक्षण अभियंता, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, इंजीनियर उज्ज्वल गुप्ता, उप महाप्रबंधक-कारपोरेट रणनीति, सिग्नेचर ग्लोबल इंडिया लिमिटेड तथा अभय शर्मा, मुख्य व्यवसाय अधिकारी, एमपीसी विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित रहे।

समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार ने की। कार्यक्रम में भारत रत्न सर एम. विश्वेश्वरैया पर आधारित चलचित्र की प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुति दी गई।




हकेंवि में इंजीनियर्स डे के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी • सौजन्यः हकेंवि

इस मौके पर कुलपति ने कहा कि इंजीनियर्स राष्ट्र की प्रगति के वास्तविक निर्माता होते हैं। उनके नवाचार और परिश्रम से ही समाज विकास की नई ऊंचाइयां छूता है। आयोजन में मुख्य अतिथि प्रोफेसर कर्नल राजेन्द्र कुमार अनायत ने अपने संबोधन में कहा कि इंजीनियर्स डे हमें यह प्रेरणा देता है कि देश की प्रगति और विकास में इंजीनियरिंग की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है।। कार्यक्रम में हरियाणवी, राजस्थानी, भोजपुरी, दक्षिण भारतीय, पंजाबी और फ्यूजन नृत्य प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को मंच पर जीवंत किया।

इस अवसर पर तकनीकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, अभिनव विचार, तकनीकी कोलाज तथा श्रेष्ठ अपशिष्ट उपयोग प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ।

## पोषण माह के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

- प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की
- वैज्ञानिक सामग्री, रचनात्मकता पर पोस्टरों का किया मूल्यांकन

संवाद सहयोगी, जागरण • महेंद्रगढ़: हकेंवि के अंतः विषयक एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान पीठ के पोषण जीवविज्ञान विभाग द्वारा पोषण माह के अवसर पर शैक्षिक एवं जागरूकता गतिविधियों की श्रृंखला में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पोषण जीवविज्ञान विभाग सहित अन्य विभागों के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य, रोग-निवारण एवं सतत जीवनशैली में पोषण के महत्व पर रचनात्मक एवं वैज्ञानिक दृष्टि से सूचनाप्रद पोस्टर प्रस्तुत किए। प्रस्तुत पोस्टरों में संतुलित आहार, सूक्ष्म पोषक तत्वों के महत्व, जीवनशैली जनित रोगों की रोकथाम तथा क्रियात्मक खाद्य पदार्थों की भूमिका जैसे विविध विषयों को शामिल किया गया। इस पोस्टर प्रतियोगिता में पोस्टरों का मूल्यांकन



पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागिता शिक्षकों के साथ • सौजन्यः हकेंवि

वैज्ञानिक सामग्री, रचनात्मकता, प्रस्तुति की स्पष्टता एवं समग्र प्रभाव के आधार पर किया गया। प्रतिभागियों को प्रशंसा-पत्र प्रदान किए गए। 'सही खाओ, बेहतर जीवन पाओ' को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय का पोषण जीव विज्ञान विभाग समाज में जागरूकता को बढ़ावा देने स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।